Title: Need to declare a special economic package for providing immediate relief to the victims of hailstrom in Vidisha district of Madhya Pradesh.

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : उपाध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में भयानक ओलावृटि हुई और उस ओलावृटि के कारण 300 गांवों की फसलें नट हुईं। 100 गांवों की हालत तो यह थी कि खेत में 2-2 फीट ऊंची ओलों की परत जम गई थी और खेत में कौन सी फसल बोई थी, यह पता नहीं चल रहा था। हजारों पशु-पक्षी भी मारे गये और तीन लोगों की जान भी गई। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार ने ओला पीड़ितों कोई कोई राहत नहीं दी। जो राहत दी, वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, इसलिए मैं केन्द्र सरकार से ओलापीड़ित क्षेत्र के लिए एक स्पेशल पैकेज जारी करे, क्योंकि वहां किसान और मजदूर भूखों मरने की स्थिति में हैं, इसलिए उनको गरीबी की रेखा के नीचे मानकर दो रुपये किलो गेहूं सारे ओलापीड़ित क्षेत्र में प्रदान किया जाये। ओलापीड़ित किसानों को राट्रीयकृत बैंकों के और सहकारी बैंकों के इस साल के खाद और बीज के कर्जे माफ किये जायें। उस पूरे क्षेत्र में मजदूरों को काम मिल सके, इसलिए सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना और सुनिश्चित रोजगार योजना के माध्यम से एक विशे पैकेज

देकर काम करवाया जाये।

अन्त में एक बात और कहनी है। फसल बीमा योजना में संशोधन करके तहसील को इकाई मानने के बजाय व्यक्ति को इकाई मानकर फसलों का बीमा कम्पनियां मुआवजा दें। बहुत-बहुत धन्यवाद।